प्रीलिम्स फैक्ट्स: 06 मई, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-06-05-2019

भारत-ब्रिटेन नौसेना सहयोग

भारत और ब्रिटेन द्वारा एक नए अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट कैरियर बनाने के लिये बातचीत की जा रही है। गौरतलब है कि इसे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में ब्रिटेन की एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ (HMS Queen Elizabeth) की तर्ज पर बनाया जाएगा।

> भारतीय नौसेना ने 65,000 टन के युद्धपोत एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ की विस्तृत योजना को खरीदने और 2022 में 'आईएनएस विशाल' नामक एक नया संस्करण बनाने की इच्छा जाहिर की है।

queen

- इस विमान वाहक के डिज़ाइन पर ब्रिटिश और फ्राँसीसी एयरोस्पेस बीएई और थेल्स (BAE and Thales) का स्वामित्व है।
- भारतीय नौसेना और स्थानीय उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये ब्रिटेन के इस विमान वाहक के डिज़ाइन में संशोधन किया जाएगा।

- यह विमान वाहक भारत के INS विक्रमादित्य (जिसे 2004 में रूस से खरीदा गया) और निर्माणाधीन INS विक्रांत के साथ काम करेगा और भारतीय नौसेना को मज़बूती प्रदान करेगा।

जाँघिल या पेंटेड स्टॉर्क

जाँघिल या जांघिल (Painted stork) पक्षियों के स्टॉर्क परिवार की एक प्रजाति है।

- छिछले पानी का यह पक्षी भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाया जाता है।
- यह पक्षी नवंबर-दिसंबर में दक्षिण-पूर्व एशिया से भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवास करता है।

painted stork

जल की कमी और छोटी मछलियों की संख्या में गिरावट की वज़ह से इस पक्षी की आबादी लगातार कम हो रही है।

राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (NCMC)

कैबिनेट सचिवालय में एक राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (National Crisis Management Committee-NCMC) का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष कैबिनेट सचिव हैं।

- इस समिति का उद्देश्य प्राकृतिक आपदा के समय राहत कार्यों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है।
- इस समिति में कैबिनेट सचिव और सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों के सचिवों के साथ-साथ अन्य संगठन भी शामिल हैं।